# आपको क्वींसलैंड में तम्बाकू और ई-सिगरेट उत्पादों को बेचने के बारे में क्या जानने की जरूरत है।

यह फैक्टशीट (तथ्य पत्रक) उन कानूनों की रूपरेखा प्रस्तुत करती है जिनका आपको धूम्रपान उत्पाद बेचते समय पालन करना चाहिए। यह कानून तंबाकू, ई-सिगरेट और वेपिंग उपकरणों, हर्बल सिगरेट और लूज ब्लेंड्स (खुले मिश्रण), शीशा और संबंधित उत्पादों जैसे पेपर, फिल्टर, टिप्स, पॉड्स, लिक्विड और सॉल्ट, फ्लेवर, कटर, माउथपीस, रोलिंग मशीन और पाइप पर लागू होते हैं।

**अधिक जानकारी के लिए:**

- www.health.qld.gov.au/public-health/topics/atod/smoking-laws/retail पर जाएं
- 13 QGOV (13 74 68) पर कॉल करें
- धूम्रपान उत्पादों की खुदरा बिक्री के लिए कानूनों की समीक्षा करें: खुदरा विक्रेताओं की मार्गदर्शिका, तम्बाकू और अन्य धूम्रपान उत्पाद अधिनियम 1998 और तम्बाकू और अन्य धूम्रपान उत्पाद विनियमन 2021 के लिए आवश्यकताएँ।

**अपनी भाषा में अधिक जानकारी के लिए 13 74 68 पर कॉल करें और दुभाषिए के लिए पूछें।**

## यदि आप धूम्रपान उत्पाद बेचते हैं तो आपको कुछ महत्वपूर्ण कदमों का पालन करना होगा

धूम्रपान उत्पादों को बेचने से पहले आपको यह सुनिश्चित करना चाहिए कि:

- आपके पास इसका लाइसेंस है और इसकी एक प्रति वहाँ पर प्रदर्शित करें जहां आप धूम्रपान उत्पाद बेचते हैं
- 18 वर्ष से कम आयु के कर्मचारी ना तो बिक्री करें और ना ही धूम्रपान उत्पादों का संचलन करें
- आप और आपके कर्मचारी 18 वर्ष से कम आयु के लोगों को धूम्रपान उत्पाद नहीं बेच सकते
- आप धूम्रपान के उत्पादों का प्रदर्शन, विज्ञापन या प्रचार नहीं कर सकते
- आप धूम्रपान उत्पादों को कैसे रखते हैं और कहां बेचते हैं इसके बारे में आवश्यकताओं को पूरा करते हैं
- आप किसी भी प्रतिबंधित उत्पाद को नहीं बेच सकते हैं
- आप खरीदे गए धूम्रपान उत्पाद के स्टॉक के चालानों की प्रतियां दो साल तक रखते हैं।

## धूम्रपान उत्पाद बेचने के लिए आपके पास लाइसेंस होना चाहिए नया

1 सितंबर 2024 तक आपको धूम्रपान उत्पादों को बेचने के लिए लाइसेंस प्राप्त करना होगा और अपनी दुकान पर लाइसेंस की एक प्रति प्रदर्शित करनी होगी। आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आपका व्यवसाय इस बदलाव के लिए तैयार है। आवेदन और अनुमोदन प्रक्रिया और समय-सीमा के बारे में जानकारी के लिए क्वींसलैंड हेल्थ की वेबसाइट देखें।

## 18 वर्ष से कम आयु के कर्मचारी ना ही बिक्री कर सकते हैं और ना ही धूम्रपान उत्पादों का संचलन कर सकते हैं नया

1 सितंबर 2024 से आपको सुनिश्चित करना होगा की नाबालिग कर्मचारी अपनी नौकरी के उत्तरदायित्व के रूप में धूम्रपान उत्पादों को ना ही बेचें और ना ही संचलन करें। यदि आपके व्यवसाय में 20 से कम कर्मचारी हैं, तो नाबालिग कर्मचारियों से संबंधित इस नई प्रशिक्षण की आवश्यकता को पूरा करने के लिए आपके पास 1 सितंबर 2025 तक का समय है।

## धूम्रपान उत्पादों को 18 वर्ष से कम आयु के लोगों को नहीं बेचा जाना चाहिए

आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप और आपके कर्मचारी 18 वर्ष से कम आयु के लोगों को धूम्रपान उत्पाद न बेचें।

आपको अपनी बिक्री के स्थान पर या अपनी तम्बाकू उत्पाद वेंडिंग मशीन पर/के पास एक चिह्न प्रदर्शित करना होगा, जिसमें कहा गया हो कि 18 वर्ष से कम आयु के लोगों को धूम्रपान उत्पादों की आपूर्ति करना अपराध है (अनिवार्य संकेत)।

आपको अपने कर्मचारियों को प्रशिक्षण देना चाहिए, जिनमें शामिल हैं:

- उन्हें बच्चों और उम्र के स्वीकार्य सबूत देखे बिना धूम्रपान उत्पाद न बेचने का निर्देश देना
- उन्हें चेतावनी देना कि अगर वे बच्चों को धूम्रपान उत्पाद बेचते हैं तो उन पर जुर्माना लगाया जा सकता है
- प्रत्येक कर्म?चारी से इस प्रशिक्षण की अभिस्व?ीकृति प्राप्त करें।

1 सितंबर 2024 से आपको कर्मचारियों को यह भी निर्देश देना होगा कि वे केवल आपके लाइसेंस के तहत अधिकृत धूम्रपान उत्पादों की आपूर्ति करें और यदि कर्मचारी नाबालिग है तो धूम्रपान उत्पादों की आपूर्ति न करें। यदि आपके व्यवसाय में 20 से कम कर्मचारी हैं, नया तो नाबालिग कर्मचारियों के लिए इस नई आवश्यकता प्रशिक्षण को पूरा  करने के लिए आपके पास 1 सितंबर 2025 तक का समय है।

आप 13 QGOV (13 74 68) पर कॉल करके अनिवार्य साइन और कर्मचारी प्रशिक्षण अभिस्वीकृति फॉर्म मुफ्त में ऑर्डर कर सकते हैं।

## धूम्रपान उत्पादों को प्रदर्शित, विज्ञापित या प्रचारित नहीं किया जाना चाहिए

ऐसे सीमित तरीके हैं जिनसे आप ग्राहकों को आपके द्वारा बेचे जाने वाले धूम्रपान उत्पादों के बारे में बता सकते हैं।

आप निम्न कर सकते हैं:

- आपके बिक्री केंद्र पर एक अनिवार्य चिन्ह हो और एक अनुमत चिन्ह हो ('यहां धूम्रपान उत्पाद बेचे जाते हैं')
- समान मूल्य टिकटों का उपयोग करें जो स्थान, आकार, रूप, रंग, प्रकार और मूल्य टिकटों पर शामिल की जा सकने वाली जानकारी के बारे में आवश्यकताओं को पूरा करें
- एक पंजीकृत व्यवसाय नाम का उपयोग करें जिसमें धूम्रपान उत्पादों का संदर्भ शामिल हो
- अधिकतम तीन हुक्के प्रदर्शित करें (इनमें हुक्के के हिस्से, पैकेजिंग या चित्र शामिल हैं)।

आप निम्न नहीं कर सकते:

- धूम्रपान उत्पादों का विज्ञापन
- धूम्रपान उत्पादों का प्रदर्शन
- धूम्रपान उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए प्रतियोगिताओं, उपहारों या अन्य प्रोत्साहनों का उपयोग
- ऐसे व्यावसायिक नामों का उपयोग करना जिनमें धूम्रपान उत्पादों की कीमत के बारे में कुछ भी शामिल हो
- प्रचार करने वाले ऐसे चित्र और वीडियो प्रदर्शित करना जो धूम्रपान उत्पाद के उपभोग, उपयोग या इसके साथ जुड़े हुए हों
- अपनी दुकान पर किसी भी अन्य शब्द या संकेत का उपयोग, जिसमें यह सुझाव हो कि आप धूम्रपान उत्पाद बेचते हैं।

## धूम्रपान उत्पादों को केवल कुछ स्थानों से बेचा जा सकता है और उन्हें कुछ खास तरीकों से संग्रहीत किया जाना चाहिए

आप केवल बिक्री के एक केंद्र से धूम्रपान उत्पाद बेच सकते हैं जैसे कि एक काउंटर।

आपको धूम्रपान उत्पादों को इस तरह से रखना चाहिए कि आपके ग्राहक उन्हें देख या उन तक पहुंच न सकें, उदाहरण के लिए काउंटर के किनारे एक अलमारी में।

आप किसी अस्थायी स्टोर जैसे बाज़ार के स्टाल या वाहन से धूम्रपान उत्पाद नहीं बेच सकते।

वर्तमान में आप तंबाकू उत्पाद बेचने वाली मशीन केवल लाइसेंस प्राप्त परिसर के बार और गेमिंग मशीन क्षेत्रों के भीतर या कैसिनो में रख सकते हैं । 1 सितंबर 2024 से, शराब लाइसेंस प्राप्त परिसर केवल एक सर्विस काउंटर से तम्बाकू उत्पाद बेच सकता है और एक तम्बाकू उत्पाद बेचने वाली मशीन केवल कर्मचारियों की पहुँच वाले क्षेत्र (जैसे बार के पीछे) में स्थित होनी चाहिए। **नया**

## कई उत्पाद प्रतिबंधित हैं और उन्हें बेचा नहीं जा सकता

आप निम्न बेच नहीं सकते:

- सिगरेट, हर्बल सिगरेट, खुला तम्बाकू और खुले तम्बाकू मिश्रण (लूज़ स्मोकिंग ब्लेंड) जो पैकेट में नहीं हैं और न्यूनतम मात्रा की आवश्यकताओं को पूरा नहीं करते हैं
- धुआं रहित तम्बाकू जैसे कि स्नस, स्नफ़ या चबाने वाला तम्बाकू
- आइस पाइप या बॉन्ग
- निकोटीन वेपिंग उत्पाद (जब तक कि डॉक्टर के पर्चे पर न हो) और एक फार्मेसी द्वारा वितरित किया गया हो )
- ऐसी चीजें जो तम्बाकू उत्पादों से मिलती-जुलती हैं
- मिष्ठान या फलों के स्वाद वाली सिगरेट
- ऐसे धूम्रपान उत्पाद जो राज्य विनियमन (अवैध तम्बाकू) द्वारा निर्धारित सादी पैकेजिंग और स्वास्थ्य चेतावनी आवश्यकताएं या अन्य आवश्यकताओं का पालन नहीं करते।

आप अपने परिसर में अवैध तम्बाकू को नहीं रख सकते या भंडारण नहीं कर सकते हैं।

यदि आपके पास तम्बाकू उत्पाद वेंडिंग मशीन है, तो आप मशीन से ई-सिगरेट या संबंधित उत्पाद, हर्बल सिगरेट या लूज़ स्मोकिंग ब्लेंड नहीं बेच सकते हैं।

## आपको अपने चालानों की प्रति कम से कम दो वर्षों के लिए रखनी होगी **नया**

आपको अपने धूम्रपान उत्पाद के स्टॉक की खरीद के चालानों की प्रति को कम से कम दो वर्षों के लिए रखना होगा ।

यह फैक्टशीट (तथ्य पत्रक) सामान्य जानकारी प्रदान करती है। आपको यह सुनिश्चित करने के लिए स्वतंत्र कानूनी सलाह लेनी चाहिए कि आप अपने व्यवसाय पर लागू होने वाली सभी वैधानिक आवश्यकताओं को पूरा कर सकते हैं।

तम्बाकू विज्ञापन और तम्बाकू पैकेजिंग के बारे में ऑस्ट्रेलियाई सरकार के कानून भी आपके व्यवसाय पर लागू हो सकते हैं। यह जानकारी इस फैक्टशीट में उल्लिखित नहीं है, लेकिन https://www.health.gov.au/topics/smoking-and-tobacco/about-smoking-and-tobacco/smoking-and-tobacco-laws-in-australia पर उपलब्ध है

1. यह दवा और जहर अधिनियम 2019 (मेडिसिन्स ऐंड पाय्ज़न्स ऐक्ट 2019) द्वारा विनियमित है

Queensland Government

जून 2023